आइआइएम व नेशनल गेम्स हाउसिंग कांप्लेक्स के स्टूडेंट्स एक साथ करेंगे काम

बाल मजदूर, पलायन और बच्चियों को बचाने का लिया गया संकल्प

सिटी रिपोर्टर | रांची

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी।

खेलगांव में वॉकएथॉन-2020 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चाइल्ड लेबर, चाइल्ड ट्रैफिकिंग और गर्ल चाइल्ड को बचाने के लिए आईआईएम के स्टूडेंट्स ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में नेशनल गेम्स हाउसिंग कांप्लेक्स, खेलगांव के स्टूडेंट्स ने भी सहयोग किया। इसका संचालन संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पेक्ट प्रिंसिपल्स फॉर रिस्पांसिबल मैनेजमेंट एजुकेशन ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार, खेलगांव हाउसिंग कांप्लेक्स के अध्यक्ष रवींद्रनाथ भगत, प्रो. रोहित कुमार, प्रो. रणनीतिक प्रबंधन आईआईएम और आईआईएम के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रंधीर कुमार ने कहा कि हमें सबसे पहले यह जानना चाहिए कि देश में ट्रैफिकिंग अभी भी क्यों प्रचलित है। शायद उन कारणों को बेरोजगारी और अनुचित शिक्षा के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। यह कार्यक्रम फाइनली टीम ड्रामेबाज-आईआईएम और टीम आवाज-एक्सआईएसएस के एनर्जी स्ट्रीट नाटकों के साथ समाप्त हुआ। इसे सभी सदस्यों और मेहमानों ने खूब सराहा। वॉकएथॉन-2020 के माध्यम से आईआईएम ने यह साबित करने के लिए एक और कदम आगे बढ़ाया कि यह टिकाऊ विकास और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई की प्रतिबद्धता है।

Dainik Bhaskar, 03.02.2020, Pg.05